## राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ एवं संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन किए

जयपुर, 12 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ का रुद्राभिषेक किया।
उन्होंने विधिवत भगवान शंकर की अर्चना करते हुए देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की।
राज्यपाल श्री मिश्र ने संकटमोचक हनुमान मंदिर में भी दर्शन किए।

-----

## राज्यपाल ने स्व. उमानाथ सिंह के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया

## लोकतंत्र उदात्त जीवन मूल्यों से ही समृद्ध और सशक्त होता है– राज्यपाल

जयपुर, 13 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि लोकतंत्र उदात्त जीवन मूल्यों से ही समृद्ध और सशक्त होता है। उन्होंने स्व. उमानाथ सिंह के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए जो लड़ता है वही अमर होता है। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए उनके कार्यों को स्मरण करते हुए उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए सबको मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र जौनपुर (उत्तर प्रदेश) के तिलकधारी महाविद्यालय में उमानाथ सिंह स्मृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित अमर शहीद दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान सर्वोच्च है। देश में लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए हम–सबको मिलकर कार्य करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि उमानाथ सिंह ताउम्र शुचिता की राजनीति से जुड़े रहे। सार्वजनिक जीवन में आम जन के लिए कार्य करते हुए उन्होंने अपने कार्यों से सदा प्रेरित किया। श्री मिश्र ने स्व. उमानाथ सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया।इससे पहले उमानाथ सिंह स्मृति सेवा संस्थान के प्रबंधक सचिव श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने स्व. उमानाथ सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्मृति संस्थान की गतिविधियों के बारे में बताया।

———

## हिन्दी दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

जयपुर, 13 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि हिन्दी भाषा देश के स्वाभिमान की प्रतीक है। विश्वभर में फैले भारत वासियों को यह अपनत्व की डोर से जोड़ती है। उन्होंने नई पीढ़ी को हिन्दी भाषा के साहित्य एवं संस्कृति से जोड़ने के लिए परिवार और समाज के स्तर पर पहल किए जाने का आह्वान किया है।